प्रेस नोट **27/08/2024**

26 अगस्त 2024 श्रीकृष्ण जन्माष्टमी त्योहार के अवसर पर सायंकाल रिजर्व पुलिस लाईन मऊ प्रांगण में वृहद सांस्कृतिक समारोह का आयोजन किया गया तथा पुलिस लाईन सहित जनपद के सभी थानों पर जन्माष्टमी त्योहार परंपरागत रीति-रिवाज के अनुरुप हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

सांस्कृतिक समारोह आयोजन के क्रम में जनपद मऊ के विभिन्न स्कूल/कालेजों के बच्चों व अन्य लोगों द्वारा कुल 17 मनमोहक प्रस्तुति दी गई, जिसमें किड्स केयर इंटरनेशनल स्कूल, लिटिल फ्लावर, डानवास्को पब्लिक स्कूल, कल्पनाथ राय इंटरनेशनल स्कूल, नवल नेशनल एकेडमी दोहरीघाट, अमृत पब्लिक स्कूल व पुलिस परिवार के बच्चों एवं महिला आरक्षियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा सम्बोधित करते हुये बताया गया कि हम सभी को कन्हैया के जीवन से सीख लेने की जरुरत है जो जन्म की रात से लेकर अंत तक कठिन संघर्षों व कष्ट एवं चुनौतियों से भरी हैं। हम अपने जीवन में निर्भीक रहें, निरबैर रहें, मानव जाति सहित सभी प्राणियों से प्रेम करें, स्वयं तथा अपने आस-पास स्वच्छता बनाये रखें इत्यादि हमें अपने जीवन शैली में अनुकरण करना चाहिए। तत्पश्चात पुरस्कार वितरण के क्रम में विभिन्न कार्यक्रमों में प्रतिभाग किये गये बच्चों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस दौरान, पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी, अपर पुलिस अधीक्षक श्री महेश सिंह अत्री, क्षेत्राधिकारीगण व भारी संख्या में आये स्कूल/कालेजों के बच्चे/अध्यापकगण, पुलिस परिवार एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

अपराध/अपराधियों पर प्रभावी अंकुश बनाये रखने के दृष्टिगत चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे, पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी द्वारा निम्नलिखित 07 गौ तस्करों सहित कुल 11 फरार वांछित अभियुक्तों पर किया गया पुरस्कार घोषित किया गया है-

मु0अ0सं0 459/2023 धारा 3/5ए/8 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रुरता अधिनियम।

1. संदीप गुप्ता पुत्र संत गुप्ता निवासी रक्सी डौनिमा थाना पकड़ी जनपद बलिया। (₹25 हजार) ।

मु0अ0सं0 142/2024 धारा 3/5ए/8 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रुरता अधिनियम।

2. पिण्टू उर्फ सोनू उर्फ मेराज पुत्र जान मोहम्मद निवासी बघरवारा मटियारी थाना सरपतहा जनपद जौनपुर (₹15 हजार) ।
3. आसिफ पुत्र शौकत निवासी हसनाडीह थाना अहिरौला जनपद आजमगढ़ (₹15 हजार) ।
4. मो0 हारिश पुत्र अब्दुल कयूम निवासी पारा थाना सरायमीर जनपद आजमगढ़ (₹15 हजार) ।
5. रिंकू यादव पुत्र रामचन्दर यादव निवासी बेलवारपार मुहम्मदपुर थाना गम्भीरपुर जनपद आजमगढ़ (₹15 हजार) ।
6. वाहिद पुत्र फिरोज निवासी गोड़हरा थाना बरदह जनपद आजमगढ़ (₹15 हजार)।
7. बगावत उर्फ बगदा पुत्र झिन्कू उर्फ कन्हैया निवासी लेदरही (डडवारा) थाना खेतासराय जनपद जौनपुर (₹15 हजार) ।

मु0अ0सं0 106/2024 धारा 363,366,504,506,376(3) भादवि ।

8. संगीता देवी पत्नी राजेश यादव निवासी ऐनियो थाना कोतवाली जनपद आजमगढ़ (₹15 हजार) ।

मु0अ0सं0 54/2021 धारा 406,419,420,467,468,504,506 भादवि।

9. फकरूद्दीन शाह पुत्र मुहम्मद खलील शाह निवासी मौजा अवरही हरैया थाना रामपुर कारखाना जनपद देवरिया (₹25 हजार) ।

मु0अ0सं0 413/2023 धारा 376(ए)(बी),363,366,342,120बी भादवि।

10. नीरज राजभर पुत्र स्व0 रमेश राजभर निवासी अन्नूपार केराम थाना मुहम्मदाबाद जनपद मऊ (₹15 हजार) ।

मु0अ0सं0 318/2022 धारा 409,419,420,504,506 भादवि।

11. शाहिद पुत्र स्व0 हाजी अंसार निवासी करीमुद्दीनपुर थाना घोसी जनपद मऊ (₹25 हजार) ।

आज दिनांक 27.08.2024 को पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी द्वारा जनपद मऊ के पुलिस लाईन के सभागार कक्ष में वादी तथा विवेचकगण के साथ मीटिंग की गयी । जिसमें पंजीकृत मुकदमें से सम्बन्धित वादियों को बुलाया गया । इसी क्रम में महोदय द्वारा मुकदमें से सम्बन्धित वादियों से वार्ता किया गया तथा समस्याओं को संज्ञान में लेकर मुकदमें से सम्बन्धित समस्याओं को सुनकर शीघ्र निस्तारण हेतु विवेचकगण को निष्पक्ष व त्वरित आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया । इसी दौरान अपर पुलिस अधीक्षक श्री महेश सिंह अत्री, क्षेत्राधिकारी घोसी, क्षेत्राधिकारी नगर व अन्य विवेचकगण मौजुद रहे ।

एक वांछित अभियुक्त गिरफ्तार–

आज दिनांक 27.08.2024 को थाना मधुबन पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर मधुबन बस स्टैण्ड के पास से मु0अ0सं0 192/24 धारा 363,366 भादवि में वाछित अभियुक्त अहमद पुत्र बैदुर्रहमान निवासी सीतारामपुर थाना चिन्हैया जनपद सिदार्थनगर को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया ।

जनपद मऊ में शांति/सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने के दृष्टिगत आज दिनांक 27.08.2024 को सायंकाल पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी द्वारा भारी संख्या में जनपदीय पुलिस बल के साथ मऊ नगर क्षेत्र के मिर्जाहादीपुरा दक्षिणटोला के भीड़-भाड़ वाले स्थानों एवं महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों के आस-पास रूट मार्च/पैदल गस्त कर आम जनमानस में शांति/सुरक्षा व्यवस्था के प्रति आश्वस्त किया गया तथा आस-पास शांति/सुरक्षा व्यवस्था आदि का जायजा लिया गया। साथ ही साथ समस्त थाना क्षेत्रान्र्तगत क्षेत्राधिकारी/प्रभारी निरीक्षकों के नेतृत्व में रुट मार्च/पैदल गस्त कर आम जनमानस में शांति/सुरक्षा व्यवस्था के प्रति आश्वस्त किया जा रहा है तथा संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।